सिब्बल की शाह को नसीहत, शासन पर ध्यान दें

नई दिल्ली, एजेंसी।

राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने विपक्षी दलों के गठबंधन पर टिप्पणी को लेकर गृह मंत्री अमित शाह पर बृहस्पतिवार को पलटवार करते हुए कहा कि 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के खिलाफ ''अनर्गल आरोप'' लगाने के बजाय क्या उन्हें मणिपुर और हरियाणा जैसी जगहों में शासन पर ध्यान केंद्रित नहीं करना चाहिए।

सिब्बल की टिप्पणी ऐसे वक्त आई है जब एक दिन पहले गृह मंत्री शाह ने लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव पर बहस में हस्तक्षेप करते हुए विपक्षी गठबंधन के चरित्र पर सवाल खड़ा किया और कहा कि उनका असली चेहरा तब सामने आया जब उन्होंने अपनी सरकार बचाने के लिए भ्रष्टाचार का सहारा लिया। विपक्षी गठबंधन पर निशाना साधते हुए शाह ने कहा था, '' विपक्षी संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) का चरित्र है सत्ता के लिए भ्रष्टाचार करना जबकि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का चरित्र है सिद्धांतों के लिए राजनीति करना।

उन्होंने कहा था कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने सरकार बचाने के लिए किसी भी तरह की कुटिल रणनीति का सहारा नहीं लिया था और वाजपेयी सरकार एक वोट कम होने से गिर गई थी।

चुनौतियों के बावजूद भारत सबसे तेज बढ़ने वाला अर्थव्यवस्था बना : सीतारमण

कहा, वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री मोदी ने 'सबका साथ, सबका विकास' के मंत्र के साथ सुधार कार्यक्रम को आगे बढ़ाया

नई दिल्ली, एजेंसी।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पूर्ववर्ती कांग्रेस नीत संप्रग सरकार के दौरान भ्रष्टाचार के कारण एक दशक बेकार होने का आरोप लगाते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि पिछले नौ वर्षों में मोदी सरकार की आर्थिक नीतियों के कारण भारत भविष्य की वृद्धि को लेकर सकारात्मक स्थिति में है और दुनिया में सबसे तेज गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना हुआ है।

लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए सीतारमण ने कहा पूरी दुनिया में आर्थिक विषयों को लेकर संकट का समय है। आज वैश्विक अर्थव्यवस्था उच्च मुद्रास्फीति और धीमी वृद्धि दर की दोहरी चुनौती का सामना कर रही है।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2022 में वैश्विक अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 3 प्रतिशत थी और विश्व बैंक ने 2023 के लिए अनुमान व्यक्त किया है कि यह 2.1 प्रतिशत रह सकती है। वित्त मंत्री ने कहा कि ब्रिटेन चुनौतीपूर्ण स्थिति का सामना कर रहा है और बैंक ऑफ इंग्लैंड ने 14 बार ब्याज दर को बढ़ाया। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार से यूरोजोन में उच्च मुद्रास्फीति की स्थिति है, वहीं जर्मनी यूरोपीय संघ का सबसे बड़ा देश है और वहां भी आर्थिक संकुचन की आशंका

व्यक्त की गई है। सीतारमण ने कहा कि अमेरिका और चीन बड़ी अर्थव्यवस्था हैं और हम इनसे तुलना नहीं कर रहे हैं लेकिन चीन की स्थिति को देखें तो वहां भी उपभोक्ता मांग में भारी गिरावट आई है और स्थिरता की स्थिति पैदा हो गई है। मीडिया में भी चीन को लेकर अवस्फीति (डिफ्लेशन) की आशंका व्यक्त की जा रही है।

उन्होंने कहा कि अमेरिका में भी पिछले दिनों शेयर बाजार में उथल-पुथल की स्थिति देखने को मिली।

वित्त मंत्री ने कहा इस नजरिये से भारत की अर्थव्यवस्था को देखें तब वर्ष 2013 में दुनिया की पांच सबसे नाजुक अर्थव्यवस्था की श्रेणी से निकलते हुए आज भारत दुनिया की सबसे तेज गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था बन गया है। उन्होंने कहा नाजुक एवं गिरावट वाली अर्थव्यवस्था से निकलने का कारण पिछले नौ वर्षों की नीतियां और आर्थिक सुधार रहे जिसके कारण कोविड-19 की चुनौती के बावजूद हम इस स्थिति तक पहुंचे हैं। सीतारमण ने कहा कि वर्ष 2013 में मॉर्गन स्टेनली ने भारत को दुनिया की पांच सबसे नाजुक अर्थव्यवस्थाओं में शामिल किया था, आज उसी मॉर्गन स्टेनली ने भारत को अपग्रेड कर ऊंची रेटिंग दी है। सीतारमण ने कहा कि अमेरिका, चीन, ब्रिटेन जैसे देश (अर्थव्यवस्था) नीचे की ओर जा रहे हैं और भारत ऐसी अनोखी स्थिति में है जहां वह भविष्य की वृद्धि को लेकर सकारात्मक और आशावान है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'सबका साथ, सबका विकास' के मंत्र के साथ सुधार कार्यक्रम को आगे बढ़ाया और पिछले नौ वर्षों में इन चुनौतियों से निकलते हुए देश तेज गति से आगे बढ़ रहा है।

एक नजर

आंध्र प्रदेश के एक बौद्ध भिक्षु बोधगया में मृत पाए गए

गया, एजेंसी। बिहार में गया जिले के बोधगया थाना अंतर्गत काली मंदिर के पास आंध्र प्रदेश के एक बौद्ध भिक्षु का शव बृहस्पतिवार को एक पेड़ से लटका पाया गया।

मृतक की पहचान आंध्र प्रदेश के नेल्लोर जिले के पंचवटी आश्रम क्षेत्र के निवासी हावर्ड डेविड संजीव (43) के रूप में हुई है।

बोधगया थानाध्यक्ष (एसएचओ) रूपेश कुमार सिन्हा ने पत्रकारों से कहा, काली मंदिर के पास एक पेड़ से लटके शव को सबसे पहले सुबह टहलने वालों ने देखा। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। उन्होंने कहा कि स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल से सभी उपलब्ध साक्ष्य एकत्र किये। मौके से एक बैग भी बरामद हुआ, जिसमें आधार कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस था। दस्तावेज से मृतक की पहचान नेल्लोर जिले के पंचवटी आश्रम क्षेत्र के निवासी हावर्ड डेविड संजीव के रूप में हुई। सिन्हा ने कहा कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और आगे की जांच जारी है। उन्होंने कहा कि मौत का सही कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही पता चल सकेगा।

कर्नाटक सरकार ने साइबर सुरक्षा नीति को मंजूरी दी

बेंगलुरु, एजेंसी। कर्नाटक मंत्रिमंडल ने राज्य में साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने और आंकड़ों की गोपनीयता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बृहस्पतिवार को साइबर सुरक्षा नीति को मंजूरी दे दी। इसने अनुसंधान और अध्ययन के लिए यहां विश्वेश्वरैया प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (वीटीयू) परिसर में 391 करोड़ रुपये की लागत से एयरोस्पेस और रक्षा उत्कृष्टता केंद्र के लिए प्रशासनिक मंजूरी भी दी।

कानून एवं विधायी कार्य मंत्री एच.के. पाटिल ने कहा, कैबिनेट ने कर्नाटक साइबर सुरक्षा नीति 2023-24 को मंजूरी दे दी है। इस नीति का मुख्य उद्देश्य राज्य में बढ़ती साइबर अपराध दर को कम करना और साइबर सुरक्षा और आंकड़ों की गोपनीयता के बारे में लोगों में जागरूकता पैदा करना है। पत्रकारों को कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि इस नीति के तहत राज्य सरकार, स्थानीय निकायों और पंचायतों को समय-समय पर जागरूकता कार्यक्रम लागू करना है और उनका मूल्यांकन करना है।

देश के हालात गंभीर, लोग नहीं समझे तो भुगतना पड़ेगा: गहलोत

जयपुर, एजेंसी।

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बृहस्पतिवार को कहा कि देश के हालात गंभीर हैं और लोगों को इसे समझना होगा। उन्होंने कहा कि लोग अगर इसे नहीं समझे तो उन्हें परिणाम भुगतने पड़ेंगे।

इसके साथ ही गहलोत ने मणिपुर की तुलना राजस्थान से करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधा। गहलोत ने यहां मीडिया से कहा,(प्रधानमंत्री) मोदी जी और (गृह मंत्री) अमित शाह जी इतिहास नहीं बना रहे हैं... कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने संसद में कहा कि आप भारत माता की हत्या कर रहे हो... इसके मायने होते हैं। उन्होंने कहा,एक पूरा प्रदेश मणिपुर जल रहा है, वर्ग संघर्ष हो गया है। आप कल्पना करिये कि अगर यह वर्ग

संघर्ष पांच-दस साल बाद में देश के हर कोने-कोने में फैल जाये...तो चाहे केंद्र सरकार हो, उनकी सेना हो, राज्य सरकारें हों, उनकी पुलिस हो... कोई कुछ नहीं कर पाएगा, जैसे मणिपुर में कोई कुछ नहीं कर पा रहा। मुख्यमंत्री ने कहा देश में हालात बड़े गंभीर हैं। अगर देशवासी व प्रदेशवासी नहीं समझे तो वे भुगतेंगे। (अगर) हिंसा होगी, तो हिंसा का शिकार कोई भी व्यक्ति या परिवार हो सकता है, ये दिमाग में रखना चाहिए हर व्यक्ति को।

मुख्यमंत्री ने कानून-व्यवस्था को लेकर राजस्थान सरकार पर निशाना साधने को लेकर भाजपा नेताओं पर पलटवार किया और कहा कि उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश जैसे भाजपा शासित राज्यों में अधिक अपराध हो रहे हैं।

ओबीसी में सबसे पिछड़ी जातियों को छह फीसदी आरक्षण देने की अपनी घोषणा पर गहलोत ने कहा कि ओबीसी की आबादी बढ़ी है, इसलिए कोटा बढ़ाने की जरूरत है।

उन्होंने यह भी कहा कि अनुसूचित जाति-जनजाति की आबादी भी बढ़ी है और उनका आरक्षण कैसे बढ़ाया जाए, इस पर भी विचार करने के लिए कहा है।

गहलोत ने बुधवार को कहा कि राजस्थान में वर्तमान में जारी अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए 21 फीसदी आरक्षण के साथ छह फीसदी अतिरिक्त आरक्षण दिया जाएगा जो ओबीसी वर्ग की अति पिछड़ी जातियों के लिए आरक्षित होगा।

गहलोत ने यह भी कहा कि पुलिस महिलाओं व बच्चियों से छेड़छाड़ में शामिल पाए जाने वाले लोगों की सूची बनाएगी ताकि ऐसे लोगों को सरकारी नौकरियों से प्रतिबंधित किया जा सके।

प्रधानमंत्री मोदी शनिवार को मप्र का दौरा करेंगे

नई दिल्ली, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को मध्य प्रदेश का दौरा करेंगे और इस दौरान विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास करेंगे तथा संत शिरोमणि गुरुदेव रविदास स्मारक स्थल पर भूमि पूजन करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की ओर से जारी एक बयान में यह बात कही गई।

इसके मुताबिक, प्रधानमंत्री इस यात्रा के दौरान 1,580 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विकसित की जाने वाली दो सड़क परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे, 2,475 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विकसित किए गए एक रेल मार्ग के दोहरीकरण का लोकार्पण करेंगे।

आरक्षण से ऊपर उठकर देखें, पूर्वोत्तर के युवा काफी सक्षम हैं: संगमा

शिलांग, एजेंसी।

मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड के. संगमा ने कहा है कि पूर्वोत्तर के युवाओं को अपनी मानसिकता बदलनी चाहिए और आरक्षण से ऊपर उठकर देखना चाहिए क्योंकि वे दुनिया में किसी से भी प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम हैं।

वॉयस ऑफ पीपुल्स पार्टी (वीपीपी) सहित विभिन्न संगठनों की मांगों के बाद उनकी सरकार ने राज्य की नौकरी आरक्षण नीति की समीक्षा के लिए एक विशेषज्ञ समिति गठित की थी। संगमा का यह बयान उसके दो महीने बाद आया है।

उन्होंने कहा, आदिवासी समुदाय को यह उम्मीद नहीं करना चाहिए कि जीवन के सभी क्षेत्रों में आरक्षण होगा। हमें आरक्षण से ऊपर उठकर देखने की जरूरत है और पूर्वोत्तर के युवाओं की मानसिकता यह होनी चाहिए कि वे दुनिया में किसी से भी प्रतिस्पर्धा में सफल होने में सक्षम हैं।

उन्होंने कहा, यह जरूरी है कि उनकी एक पहचान हो और उन्हें इस पर गर्व हो, लेकिन उन्हें चीजों को हल्के में नहीं लेना चाहिए। संगमा बुधवार को यहां नॉर्थ ईस्ट इंडिजिनस पीपुल्स फोरम (एनईआईपीएफ) द्वारा विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने माना कि क्षेत्र के लोगों को कई मुद्दों का सामना करना पड़ता है।

जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा के पास अब देश का पहला डाकघर

केरन (जम्मू-कश्मीर), एजेंसी।

जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास किशनगंगा नदी के तट पर स्थित पिन कोड संख्या-193224 वाले डाकघर को अब भारत के 'पहले' डाकघर के रूप में जाना जाएगा। यह डाकघर पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर से चंद मीटर की दूरी पर स्थित है।

हाल तक इसे देश के आखिरी डाकघर के रूप में जाना जाता था। लेकिन, अब इसके पास लगे साइनबोर्ड पर इसे 'भारत का पहला डाकघर' बताया गया है, क्योंकि दूरी के मामले में यह एलओसी या सीमा से पहला डाकघर है।

डाक विभाग के बारामूला मंडल के अधीक्षक अब्दुल हामिद कुमार ने कहा, पहले इसे देश के अंतिम डाकघर के रूप में जाना जाता था, क्योंकि हम इसके आगे डाक सामग्री की आपूर्ति नहीं कर सकते। फिर, सेना ने इसे देश के पहले डाकघर का नाम दिया क्योंकि दूरी के मामले में एलओसी या सीमा से यह पहला डाकघर है। गांव के लोगों का कहना है कि डाकघर भारत की आजादी या पाकिस्तान के अस्तित्व में आने से पहले से ही काम कर रहा था। यह डाकघर 1965, 1971 में पाकिस्तान के साथ युद्ध अथवा लगातार सीमा पार से हुई गोलाबारी की घटनाओं के दौरान भी संदेश पहुंचाने का काम करता रहा।

मुख्यमंत्री बघेल ने की शाह की आलोचना

रायपुर, एजेंसी। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के राजनीतिक करियर पर परोक्ष रूप से कटाक्ष करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की आलोचना की और कहा कि वरिष्ठ भाजपा नेता अभी तक अपने बेटे को 'लॉन्च' करने में विफल रहे हैं।

राजधानी रायपुर में बुधवार को कार्यक्रम के दौरान संवाददाताओं से बात करते हुए बघेल ने कहा कि भाजपा राहुल गांधी को रोकने की कितनी भी कोशिश करे वह और अधिक तेजी से आगे बढ़ते रहेंगे। लोकसभा में अपनी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर बहस के दौरान बोलते हुए शाह ने किसी का नाम लिए बगैर कहा, 'इस सदन में एक ऐसे नेता हैं जिन्हें राजनीति में अब तक 13 बार लॉन्च किया गया।

केरल के मुख्यमंत्री पर चल सकता है भ्रष्टाचार का मामला :भाजपा

नई दिल्ली, एजेंसी।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन अपनी बेटी वीणा विजयन की कंपनी कोचीन मिनरल्स एंड रूटाइल लिमिटेड (सीएमआरएल) से बिना कोई सेवा प्रदान किए 1.7 करोड़ रुपये प्राप्त करने के कथित मामले में भ्रष्टाचार के आरोपों में जांच का सामना कर सकते हैं।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता टॉम वडक्कन ने एक बयान में इसे 'वीणा टैक्स' करार दिया और आरोप लगाया कि वीणा विजयन को पिछले तीन साल से निजी कंपनी से मासिक किस्तों में कुल 1.72 करोड़ रुपये मिले।

केरल से ताल्लुक रखने वाले वडक्कन ने कहा कि आयकर

अंतरिम निपटान बोर्ड की नई दिल्ली पीठ ने फैसला सुनाया कि एक 'प्रमुख व्यक्ति' के साथ संबंधों को देखते हुए पैसा दिया गया था। वीना और उनकी कंपनी एक्सलॉजिक सॉल्यूशंस ने सीएमआरएल को आईटी, मार्केटिंग कंसल्टिंग और सॉफ्टवेयर सेवाओं की आपूर्ति करने पर सहमति जताई थी।''

उन्होंने कहा कि हालांकि आयकर विभाग की जांच में पाया गया कि कोई सेवा मुहैया नहीं कराई गई। वडक्कन ने कहा कि सीएमआरएल के प्रबंध निदेशक एस एन शशिधरन कार्था ने कहा है कि अनुबंध के अनुसार मासिक किस्तों में धन का भुगतान किया गया था। उन्होंने कहा, ''आयकर विभाग ने आरोप लगाया कि वीना और एक्सलॉजिक को 2017-20 के दौरान 1.72 करोड़ रुपये मिले, जो एक 'अवैध लेनदेन' है।

भाजपा की कश्मीर इकाई में सब कुछ नहीं है ठीक-ठाक

सतीश वर्मा

जम्मू, मेट्रो मीडिया। जम्मू संभाग के पूर्व एमएलसी सुरेंद्र चौधरी और भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष रविंद्र रैना के बीच हुआ विवाद भले फिलहाल थम गया हो, लेकिन अब भाजपा को घाटी के वरिष्ठ पार्टी नेताओं की कथित बगावत व आक्रोश से दो चार होना पड़ रहा है। सूत्रों के मुताबिक घाटी के इनअसंतुष्ट वरिष्ठ नेताओं की संख्या काफी बताई जा रही है। बताया गया कि यह नाराजगी लंबे अरसे से प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र रैणा तथा प्रदेश महासचिव संगठन अशोक कौल की कार्यप्रणाली को लेकर उपजी है। इन नाराज एवं आक्रोशित पार्टी नेताओं में पूर्व एमएलसी से लेकर लोकसभा तथा विधानसभा का चुनाव लड़ चुके वरिष्ठ नेता भी शामिल हैं। मालूम हो

कि विगत माह पूर्व एमएलसी सुरेंद्र चौधरी ने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष रविंद्र रैणा तथा संगठन महासचिव अशोक कौल पर गंभीर आरोप लगाते हुए भाजपा को गुड बाय कह दिया था। इसी के बाद सुरेंद्र चौधरी नेशनल कांफ्रेंस में शामिल हो गए थे।

काबिलेगौर है कि पूर्व एमएलसी सुरेंद्र चौधरी और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष रविंद्र रैणा जिला राजौरी के सुंदरबनी,नौशेरा इलाके से हैं। सुरेंद्र चौधरी पहले पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी यानी पीडीपी मे

■ कई वरिष्ठ नेता प्रदेश नेतृत्व से है घोर नाराज, रविंद्र रैणा ने की असंतुष्ट नेताओं को समझाने बुझाने की कोशिश।

रहे और उसी पार्टी ने उन्हें एमएलसी बनाया था। बताया गया कि लेकिन जब पीडीपी का बुरा दौर शुरू हुआ तो सुरेंद्र चौधरी ने अपने भविष्य की सियासी लाभ हानि देखते हुए भाजपा में छलांग लगा दी थी। पूर्व एमएलसी सुरेंद्र चौधरी ने जब भाजपा प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र रैणा पर कई आक्षेप लगाए तो रविंद्र रैणा की ओर से भी माकूल जवाब देने की कोशिश की गई थी। तब सुरेंद्र चौधरी के भाजपा छोड़ने के बाद उनके करीबी कहे जाने वाले पार्टी के कुछ और नेताओं ने भी भाजपा से नाता तोड़ लिया था। यह विवाद अभी फिलहाल टल गया लगता है लेकिन अब कश्मीर में जिस प्रकार पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने प्रदेश नेतृत्व की कार्यप्रणाली पर गंभीर आरोप लगाते पार्टी छोड़ने की धमकी दी है।

राजनीति — 'नस्लीय संहार' पर चर्चा करना सांसदों का कर्तव्य

चिदंबरम का शाह पर निशाना

नई दिल्ली, एजेंसी।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम ने लोकसभा में गृह मंत्री अमित शाह द्वारा की गई एक टिप्पणी को लेकर बृहस्पतिवार को उन पर निशाना साधते हुए कहा कि ₹नस्लीय संहार₹ के मुद्दे पर चर्चा करना हर नागरिक का कर्तव्य है और अफसोस की बात यह है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पिछले 100 दिनों में मणिपुर का दौरा करने का समय नहीं मिला।

गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को मणिपुर के कुकी और मैतेई समुदायों से बातचीत करने का आग्रह किया। उनकी अपील पर लोकसभा ने एक प्रस्ताव भी पारित

किया। शाह ने विपक्षी सदस्यों से राज्य में जातीय हिंसा के मुद्दे का राजनीतिकरण नहीं करने का आग्रह किया। उनकी इस इस टिप्पणी पर चिदंबरम ने कहा, नस्लीय संहार शर्मनाक है। इससे माननीय गृह मंत्री ने स्वीकार किया। यह उनकी निगरानी में हुआ।''

चिदंबरम के अनुसार, ''गृह मंत्री का यह भी कहना था कि यह 'अधिक शर्मनाक' है कि इस पर राजनीति हो रही है। उनकी यह बात गलत है।

नस्लीय संहार का मुद्दा उठाना और उस पर बहस करना हर नागरिक का कर्तव्य है, खासकर राजनीतिक नेताओं और सांसदों का कर्तव्य है।

उन्होंने कहा, अफसोस की बात यह है कि माननीय प्रधानमंत्री को पिछले 100 दिनों में मणिपुर जाने का समय नहीं मिला है।

Morning Glory Leasing and Finance Limited
CIN : L67120DL1984PLC018872 , Website: www.morninggloryleasing.in
Regd. Off: IRIS House, 16 Business Centre, Nangal Raya, New Delhi-110046.
Email Id: morninggloryleasing@gmail.com, Ph: 011- 4711 9100
EXTRACT OF STATEMENT OF STANDALONE UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER ENDED JUNE 30, 2023 (₹ in lakhs)

Sl. No.	Particulars	For the Quarter Ended on 30-06-2023 Unaudited	For the Year Ended on 31-03-2023 Audited	For the Quarter Ended on 30-06-2022 Unaudited
1	Total income from Operations	1.25	6.52	1.25
2	Net Profit /(Loss) for the period (before Tax & Exceptional items)	0.67	2.74	0.44
3	Net Profit /(Loss) for the period (before Tax after Exceptional items)	0.67	2.74	0.44
4	Net Profit /(Loss) for the period (after Tax after Exceptional items)	0.50	2.03	0.32
5	Total Comprehensive Income for the period (Comprising Profit /(Loss) for the Period after Tax and Other Comprehensive Income after Tax)	13.84	6.30	188.31
6	Paid up Equity Share Capital (Face value of Rs.10/- each)	24.90	24.90	24.90
7	Earnings Per Share (of Rs. 10/- each) (For continuing and discontinued operations) (Not Annualised)			
	1. Basic	5.76	3.35	75.76
	2. Diluted	5.76	3.35	75.76

NOTES :
1. The above Standalone Un-audited Financial Results for the quarter ended June 30, 2023, have been limitedly reviewed by Audit Committee and thereafter approved and taken on record by the Board of Directors in its meeting held on 10th August, 2023. The Statutory auditors have expressed an unmodified audit opinion.
2. The above is an extract of the format of Un-audited quarterly Financial Results filed with the Stock Exchange under the Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations 2015. The full format of Un-audited quarterly Financial Results are available on the Stock Exchange's website i.e. www.msei.in and on the Company's website i.e. www.morninggloryleasing.in.
3. There is no change(s) in accounting policies which impact(s) on the net profit / loss and total comprehensive income or any other relevant financial item(s).
4. Exceptional items adjusted in the Statement of Profit and Loss in accordance with Ind-AS Rules.

For and on behalf of the Board of Directors of Morning Glory Leasing and Finance Ltd
Sd/-
Rajesh Bagri
Managing Director

Place : New Delhi
Date : 10th August, 2023

Nidhi Services Limited
Regd. Off : 5/19-B, Roop Nagar, Delhi - 110007
Tel.: 011-43215145, Mobile: 09811021216, CIN : L65999DL1984PLC018077, E-mail: nidhiservicesltd@gmail.com
Extract of Standalone Un-Audited Financial Results of the Quarter ended on 30th June, 2023
Amount (Rs. In Lacs)

Sl. No.	Particulars	Current Quarter ending 30-Jun-23	Previous year ending 31-Mar-23	Corresponding 3 months ended in the previous year 30-Jun-22
1	Total Income from Operations	7.97	48.75	8.86
2	Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items#)	5.17	35.98	6.36
3	Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional items and/or Extraordinary items#)	5.17	35.98	6.36
4	Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items#)	4.62	31.68	4.91
5	Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit/(Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)]	4.62	31.68	4.91
6	Equity Share Capital	150.00	150.00	150.00
7	Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year		506.22	
8	Earnings Per Share (of Rs. 10/- each) (for continuing and discontinued operations)			
	1) Basic:	0.31	2.11	0.33
	2) Diluted:	0.31	2.11	0.33

The above results were reviewed by the Audit Committee and thereafter taken on record by the Board in its meeting held on August 10, 2023 and also Limited Review were carried out by the Statutory Auditors.
Note
a) The above is an extract of the detailed format of Quarterly Financial Results filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirments) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly Financial Results are available on the Company's Website i.e (www.nidhiservicesltd.com) and on the website of the Stock Exchange (www.cse-india.com) and (http://www.msei.in/index.aspx)

For Nidhi Services Limited
Sd/-
Udit Agarwal
Whole Time Director
DIN: 00239114

PLACE : Delhi
DATE : 10.08.2023

SUPERIOR INDUSTRIAL ENTERPRISES LIMITED
CIN: L15142DL1991PLC046469
Regd. Office: 25, Bazar Lane, Bengali Market, New-Delhi-110001
Tel. No.: 011-43585000, Fax: 0141-43585015, E-mail: info@superiorindustrial.in, Website: www.superiorindustrial.in
UNAUDITED STANDALONE AND CONSOLIDATED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER ENDED 30TH JUNE, 2023
Regulation 47(1)(b) of SEBI (LODR), 2015 (Rs. In Lacs)

Sl. No.	Particulars	Standalone			Consolidated		
		3 Months ended 30.06.2023 Unaudited	3 Months ended 30.06.2022 Unaudited	Year ended 31.03.2023 Audited	3 Months ended 30.06.2023 Unaudited	3 Months ended 30.06.2022 Unaudited	Year ended 31.03.2023 Audited
1.	Total Income from Operations	472.04	416.71	1,399.72	2010.39	1769.47	4,666.33
2.	Net Profit/(Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items)	70.09	41.76	156.39	147.78	109.42	228.33
3.	Net Profit/(Loss) for the period (after Exceptional and/or Extraordinary items)	70.09	41.76	156.39	147.78	109.42	228.33
4.	Net Profit/(Loss) for the period after Tax (after Exceptional and/or Extraordinary items)	70.09	40.41	113.78	143.51	100.30	325.93
5.	Total Comprehensive Income for the period (Comprising Profit/(Loss) for the period (after Tax) and other Comprehensive Income (after tax)	70.59	40.62	471.71	144.36	100.51	683.86
6.	Equity Share Capital (face value of Rs.10/- per share)	138.50	138.50	138.50	138.50	138.50	138.50
7.	Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year	-	-	3,597.17	-	-	-
8.	Earnings Per Share (of Rs. 10/-each) for continuing and discontinuing operations)						
	Basic:	0.51	0.29	0.82	0.76	0.51	1.60
	Diluted:	0.51	0.29	0.82	0.76	0.51	1.60

Notes :-
1. The above is an extract of the detailed format of the standalone and consolidated unaudited financial results for the quarter ended on 30th June, 2023 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of standalone and consolidated financial results is available on the Stock Exchanges' websites-(www.bseindia.com) and the Company's website (www.superiorindustrial.in)
2. The above unaudited financial results were reviewed by the Audit Committee and thereafter approved at the meeting of the Board of Directors held on 10th August, 2023

By order of the Board of Directors For and on behalf of
Superior Industrial Enterprises Limited
Sd/-
Kamal Agarwal
Managing Director
DIN: 02644047

Place : New Delhi
Date: 10th August,2023